**Fourteenth Loksabha**

**Session : 4**
**Date : 16-03-2005**

**Participants : Sharma Shri Madan Lal**

>

Title: Need for computerising the railway reservation facility in Jammu.

**श्री मदन लाल शर्मा :** मेरा निर्वाचन क्षेत्र हिली और बॉर्डर का इलाका है। मैं यूपीए सरकार और रेलवे मिनिस्टर का मशकूर हूं कि उन्होंने रेल बजट में देश भर के पढ़े-लिखे बेरोजगार नौजवानों को किसी दूसरे प्रदेश में इंटरव्यू में जाने के लिए रेलवे किराए में छूट देने की घोाणा की है। जम्मू से पुंछ जिला 3 लाख की आबादी पर मुशतमिल है और 300 किलोमीटर में वाके हैं। गांव से नौज वान पुंछ जिले में आएंगे, वहां से बस पकड़ेंगे, 300 किलोमीटर दूर जम्मू रेलवे स्टेशन आएंगे, अपनी टिकट बुक कराएंगे और फिर देश के किसी दूसरे हिस्से में परीक्षा में शामिल होने के लिए जाएंगे। मेरी सरकार से और माननीय रेल मंत्री से मोहदबाना गुजारिश है कि पुंछ डिस्ट्रिक्ट हैड क्वार्टर में एक कम्प्यूटराइज्ड रिजर्वेशन सैंटर खोला जाए ताकि वहां के लोगों और पढ़े-लिखे बेरोजगार नोजवानों को दिक्कत न हो, अधिक खर्चा न करना पड़े तथा परेशानी न हो।

**अध्यक्ष महोदयः** शर्मा जी, आप जानते हैं कि हमने रेल बजट पर कितने घंटे चर्चा की। आपको रेल बजट पर चर्चा के समय यह मुद्दा उठाना चाहिए था लेकिन फिर भी ठीक है। थोड़ा धीरज रखने से अच्छा काम होता है।

...(व्यवधान)

MR. SPEAKER: Shri Sarbananda Sonowal. You were not here when first time I called your name. This should not be treated as a precedent and not to be renewed in future.